<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–01.09.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का किया अनावरण, कहा–7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पश्चिम सिंहभूम पुलिस को मिली बड़ी सफलता, सारंडा जंगल से दो कुख्यात नक्सली हथियार समेत गिरफ्तार।
- जमशेदपुर के गोपाल मैदान में करम महोत्सव का हुआ आयोजन, सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा–यह पर्व हमारी परंपरा और समाज की है पहचान।
- मौसम विभाग ने 4 सितंबर तक राज्य में गर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ बारिश की जताई संभावना।
- एशिया कप पुरुष हॉकी में भारत ने पूल ए में जापान को 3–2 से हराकर लगातार दर्ज की दूसरी जीत।

**********************

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि इस तिमाही में 7 दशमलव 8 प्रतिशत की शानदार जीडीपी वृद्धि ने साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बेहतर अर्थव्यवस्था का संचालन कोई नहीं कर सकता। कल नई दिल्ली स्थित भगवान बिरसा मुंडा भवन में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद श्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारतीय अर्थव्यवस्था को बेहतरीन तरीके से चला रहे हैं और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना और स्वदेशी को अपनाना ज़रूरी है।

**********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पश्चिम सिंहभूम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सारंडा के जंगलों में दो कुख्यात नक्सलियों संदीप उर्फ हिडिमा पाडेयाम और शिवा बोदरा उर्फ शिबु को गिरफ्तार किया। इस दौरान उनके पास से पिस्टल, 11 जिंदा कारतूस, दो मैगजीन, दो वॉकी–टॉकी, डेटोनेटर और आईईडी बनाने की सामग्री बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि यह कार्रवाई अभियान की बड़ी सफलता है और शांति बनाए रखने के लिए अभियान जारी रहेगा।

**********************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में करम महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें डुमरी विधायक जयराम महतो और जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम में झूमर नाच और करम डाली की पूजा की गई, जहां बहनों ने अपने भाई की सलामती और सुख–समृद्धि की कामना की। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि यह पर्व हमारी परंपरा और समाज की पहचान है।

**********************

जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड के फुटबॉल मैदान में कल करम पर्व पर करम डाली की पूजा–अर्चना और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री हरिनारायण राय ने कहा कि करम पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ा हुआ है, इसे सामूहिक रूप से मनाना सामाजिक एकता का प्रतीक है।

**********************

रामगढ़ में विधायक ममता देवी ने आदर्श कल्याणी महिला संकुल संगठन गोला की वार्षिक आम सभा में उपस्थित होकर सखी मंडलों को सम्मानित किया। पलाश जेएसएलपीएस के तहत रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित वार्षिक आम सभाओं में महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**********************

गढ़वा जिले में यूरिया संकट को दूर करने के लिए आगामी एक सप्ताह में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही खाद उपलब्ध कराया जाएगा। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि अधिक मूल्य वसूलने पर उनका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

**********************

रांची जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर व्यापक तैयारी चल रही है।

**********************

सरायकेला खरसावां में राधा अष्टमी पर राधा रानी का जन्मदिन मनाया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने पूजा–अर्चना कर महाप्रसाद ग्रहण किया। कांग्रेस प्रदेश महासचिव अजय सिंह ने कहा कि राधा अष्टमी हमारे सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण पर्व है, जो लोगों को परंपराओं से जोड़ता है।

**********************

मौसम विभाग के अनुसार आज से 4 सितंबर तक राज्य में गर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ कहीं–कहीं बारिश की संभावना है। इस दौरान राजधानी रांची में आसमान में बादल छाये रहेंगे और हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। साथ ही अधिकतम तापमान 31 से 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

**********************

बिहार के राजगीर में पुरुषों की एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में कल भारत ने जापान को 3–2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

**********************

रामगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बैडमिंटन, योग, वुशू, गुलेल, मटका दौड़, फुटबॉल, कबड्डी और स्विमिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने की और उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए नियमित भागीदारी की अपील की। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसमें फुटबॉल के फाइनल में आदिवासी क्लब (बालक) और चिकोर (बालिका) विजेता रहे।

**********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने चीन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है चीन के तियानजिन से अमेरिका को बड़ा संदेश, एक साथ चलेंगे हाथी और ड्रैगन।

प्रभात खबर ने लिखा है– आज से रांची से कई शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है यूरिया की भारी किल्लत, कुपोषित होकर गिर रहे धान के पौधे, तीन गुना दर पर हो रही कालाबाजारी।

हिंदुस्तान लिखता है झारखंड के मडुआ छिलका को मिलेगा जीआई टैग।

***********************